Mahendra's Daily Current Affairs: 08.12.2021

1-Prime Minister Narendra Modi inaugurated InFinity Forum, a thought leadership Forum on Fin Tech through video conference.

प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इनफिनिटी फोरम, फिन-टेक पर एक विचारशील नेतृत्वकारी मंच का उद्घाटन किया।

2-Union Minister of Information and Broadcasting Anurag Singh Thakur and Uttar Pradesh Chief Minister Yogi Adityanath inaugurated Earth Station of Doordarshan Kendra Gorakhpur.

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर तथा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दूरदर्शन केंद्र गोरखपुर के अर्थ स्टेशन का उद्घाटन किया।

3-Chief Economist at the International Monetary Fund (IMF) Gita Gopinath is being promoted as IMF's First Deputy Managing Director (FDMD).

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की मुख्य अर्थशास्त्री गीता गोपीनाथ को पदोन्नत कर संगठन का प्रथम उप प्रबंध निदेशक (एफडीएमडी) बनाया जा रहा है।

4-Women's Tennis Association (WTA) has announced immediate suspension of all women's tournaments in China amid concern over Chinese tennis star Peng Shuai.

महिला टेनिस एसोसिएशन (डब्ल्यूटीए) ने चीन की टेनिस खिलाड़ी पेंग शुआई के मुद्दे को लेकर चीन में सभी महिला टेनिस टूर्नामेंट को तत्काल निलंबित करने की घोषणा की है।

5-Union Home Minister Amit Shah laid the foundation stone for 'Maa Shakumbhari Devi University' in Saharanpur's Behat Assembly constituency.

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सहारनपुर के बेहट इलाके में 'मां शाकुंभरी देवी विश्वविद्यालय' की आधारशिला रखी।

6-In a bid to strengthen its footprint in the renewable space, particularly solar energy, state-owned Oil and Natural Gas Corporation (ONGC) signed an agreement with Solar Energy Corporation of India (SECI) to scale up its clean energy projects.

सार्वजानिक क्षेत्र की कंपनी ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने अक्षय ऊर्जा क्षेत्र विशेष कर सौर ऊर्जा में अपनी मौजूदगी मजबूत करने के साथ स्वच्छ ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ाने के लिए सोलर एनर्जी कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सेकी) के साथ एक समझौता किया है।

7-Assam Chief Minister Himanta Biswa Sarma said the state government will confer its highest civilian award 'Assam Baibhav' on Tata Trusts' chairman Ratan Tata for his contribution towards building cancer treatment facilities in the state.

असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्व सरमा ने कहा कि राज्य सरकार टाटा ट्रस्ट के अध्यक्ष रतन टाटा को राज्य में कैंसर के इलाज की सुविधाओं के निर्माण में उनके योगदान के लिए अपना सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'असम बैभव' प्रदान करेगी।

8-Young all-rounder Qasim Akram will lead Pakistan in the ICC Under-19 World Cup early next year in the West Indies.

युवा आलराउंडर कासिम अकरम अगले साल वेस्टइंडीज में होने वाले आईसीसी अंडर-19 विश्व कप में पाकिस्तान की अगुआई करेंगे।

9-Bihar's shotgun shooter Shreyashi Singh won her second women's trap title at the National Championship.

बिहार की शॉटगन शूटर श्रेयशी सिंह ने राष्ट्रीय चैंपियनशिप में अपना दूसरा महिला ट्रैप खिताब जीता।

10-Hansal Mehta-directed Scam 1992: The Harshad Mehta Story is leading the nominations for Filmfare OTT Awards.

फिल्मफेयर ओटीटी अवॉर्ड्स के लिए सबसे ज्यादा नामांकन हासिल करने वालों में हंसल मेहता निर्देशित 'स्कैम 1992: द हर्षद मेहता स्टोरी' अव्वल रही।